**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 15.04.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए संसद का तीन दिन का विशेष सत्र कल से।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा– इस अधिनियम के माध्यम से नीति निर्माण के क्षेत्र में महिलाओं की सीधी भागीदारी सुनिश्चित होगी।**
- **सीबीएसई ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किये– परीक्षा में 93 दशमलव सात–शून्य प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।**
- **राज्य सरकार ने खरीफ सीज़न–2025 के लिए वितरित अल्पकालीन ब्याज मुक्त फसली ऋणों के भुगतान की आखिरी तारीख 15 मई तक बढ़ायी।**
- **प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे हुए–कोटा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर और चूरू सहित कई जगहो पर दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा।**

000

संसद का तीन दिन का विशेष सत्र कल से शुरू हो रहा है। केन्द्र सरकार इस दौरान महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने के लिए जरूरी संवैधानिक संशोधनों को पारित करने का प्रयास करेगी। लोकसभा में कल और परसों महिला आरक्षण बिल पर चर्चा होगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के तहत लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटे आरक्षित करने का प्रावधान है।

इस अधिनियम के प्रति जागरूकता के लिए आज जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से नीति निर्माण के क्षेत्र में महिलाओं की सीधी भागीदारी सुनिश्चित होगी। साथ ही संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने में महिलाओं की एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

..................

समारोह में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भी शिरकत की इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अधिनियम से देश में बड़ा सामाजिक बदलाव आएगा। समारोह में अधिनियम के समर्थन के लिए एक मिस्ड कॉल नंबर जारी किया गया और हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई।

मुख्यमंत्री ने आज ही वीडियों कॉनफ्रेंस के माध्यम से छात्राओं के साथ संवाद किया। इस संवाद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में चर्चा की गई कॉनफ्रेंस से मेडिकल इंजीनियरिंग, पेट्रो कैमिकल और डेटा सांइस क्षेत्रो की छात्राएं जुड़ी। मुख्यमंत्री ने पचपदरा स्थित राजस्थान रिफाईनरी में कार्यरत महिला इंजीनियर्स से उनके अनुभव जाने। संवाद के बाद रिफाईनरी में कार्यरत इंजीनियर आंचल विश्वकर्मा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सरकार की मजबूत पहल बताया।

000

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि बालोतरा रिफाइनरी परियोजना राजस्थान के औद्योगिक और आर्थिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

आज पाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री राठौड़ ने बताया कि हर साल रिफाइनरी से राज्य को प्रतिवर्ष आठ हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा और क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए कल से संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया है, जिसके माध्यम से महिलाओं के लिए एक–तिहाई सीटें आरक्षित की जाएंगी। श्री राठौड़ ने यह भी संभावना जताई कि जनसंख्या के आधार पर होने वाले आगामी परिसीमन के बाद राज्य में लोकसभा और विधान सभा सीट्स भी बढ़ जाएंगे।

**000**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025–2026 के लिए कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। बोर्ड ने बताया कि परीक्षा में 93 दशमलव सात–शून्य प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। ये पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव शून्य चार प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष भी लड़कियों का नतीजा लड़कों से अच्छा रहा। छात्र अपने परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। आधिकारिक पोर्टलों के अलावा, परिणाम डिजिलॉकर और उमंग ऐप जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी देखे जा सकते हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए विकास के नौ क्षेत्रों में पूरी निष्ठा से योगदान देने का आग्रह किया है। आज कर्नाटक के मांड्या के पास आदिचुंचनगिरी मठ में गुरु भैरवैक्य मंदिर के उद्‌घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने जिन नौ क्षेत्रों में सहयोग करने का आह्‌वान किया, वे हैं: जल संरक्षण और प्रबंधन, 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण और अपने आसपास, धार्मिक स्थलों, गांवों और शहरों को स्वच्छ रखना। प्रधानमंत्री ने रसायनों और कीटनाशकों का इस्तेमाल कम करते हुए जैविक और प्राकृतिक खेती की आवश्यकता पर बल दिया।

000

राज्य सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए खरीफ–2025 के लिए वितरित अल्पकालीन ब्याज मुक्त फसली ऋणों के भुगतान की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि अब किसान यह ऋण 15 मई तक चुका सकेंगे। पहले यह अवधि 31 मार्च निर्धारित थी। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के पांच लाख 57 हजार से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि तिथि बढ़ाए जाने से किसानों पर बकाया करीब दो हजार 184 करोड़ रुपये का ऋण अवधिपार यानी ओवरड्यू होने से बच जाएगा। श्री दक ने पात्र किसानों से बढी हुई अवधि का लाभ उठाकर समय पर ऋण चुकता करने की अपील की है।

000

राजस्थान पुलिस के 77 वें स्थापना दिवस पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज जयपुर में पुलिस आयुक्तालय में आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मियों को 'कांस्टेबल ऑफ द मंथ' अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि इस सम्मान का उद्देश्य पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें बेहतर काम के लिए प्रेरित करना है। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि जयपुर पुलिस आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय के ध्येय वाक्य के साथ काम कर रही है। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर कल जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। पुलिस अकादमी मेें होने वाले इस कार्यकम मे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में परेड की सलामी लेंगे। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने बताया कि समारोह की शुरुआत शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि के साथ होगी।

इस दौरान सेरेमोनियल परेड में 12 प्लाटून हिस्सा लेंगी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों तथा जागरूक नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए एक नया पोर्टल और मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया जाएगा।

000

भारतीय सेना की सप्त शक्ति कमान ने आज जयपुर में अपना 22वां स्थापना दिवस मनाया। 15 अप्रैल 2005 को स्थापित यह कमान भारतीय सेना की सातवीं और सबसे युवा कमान है। जयपुर मिलिट्री स्टेशन में हुए समारोह में आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने जवानो को सम्बोधित किया। उन्होंने कमान के आदर्श वाक्य 'सर्वदा विजयी भव' के अनुरूप पश्चिमी सीमाओं की सुरक्षा और सैन्य उत्कृष्टता के प्रति जवानों के समर्पण की सराहना की।

000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में बढोतरी के साथ गर्मी का असर बढ़ने लगा है। कोटा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर और चूरू सहित कई जगहो पर दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान 41 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बाड़मेर सबसे गर्म स्थान रहा। राज्य में सबसे कम तापमान सीकर में उन्नीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार अगले चार–पांच दिनों तक प्रदेश में मौसम साफ

रहेगा। इस दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री की और बढ़ोतरी हो सकती है। विभाग ने 17 और 18 अप्रैल को जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में लू चलने की चेतावनी दी है।

000

आई.आई.टी. जोधपुर के वैज्ञानिकों ने सौर ऊर्जा से बिजली बनाने और उसे जमा करने की तकनीक में एक बड़ी सफलता हासिल की है। भौतिकी विभाग के डॉ. शाहब अहमद और उनकी टीम ने ऐसी 'फोटो–बैटरी' तैयार की है, जो सूरज की रोशनी से खुद चार्ज होती है और बिजली को अपने अंदर ही सहेज लेती है। फिलहाल सौर ऊर्जा के इस्तेमाल के लिए सोलर पैनल और अलग से भारी बैटरी की जरूरत पड़ती है। लेकिन इस नई खोज के बाद एक ही उपकरण दोनों काम कर सकेगा।

इससे फायदा यह होगा कि भविष्य में मोबाइल फोन, ड्रोन और इलेक्ट्रिक गाड़ियां काफी हल्की हो जाएंगी और उन्हें बार–बार चार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके साथ ही वैज्ञानिकों ने ऐसी बैटरियां भी बनाई हैं जो मौजूदा बैटरियों के मुकाबले ज्यादा शक्तिशाली होंगी और लंबे समय तक चलेंगी।

000

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने आज वाणिज्य विभाग के लिए एक नया एकीकृत डिजिटल मंच शुरू किया है। इसका उद्देश्य व्यापार संबंधी सेवाओं और सूचनाओं तक पहुंच को सुगम बनाना है। यह पहल ई–गवर्नेंस को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में शामिल हितधारकों के लिए सेवाओं में सुधार के लिए सरकार के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। मंत्रालय ने कहा है कि यह वेबसाइट निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितधारकों को व्यापार संबंधी संसाधनों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला तक कुशल और पारदर्शी पहुंच प्रदान करेगी।

000